हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 25 सितंबर 2026
सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 कलेक्टर के अफसरों को निर्देश, किसानों को योजनाओं की जानकारी...



09 खुजनेर में व्यापारी से 1.49 लाख की लूट करने वाले 4 आरोपी धराए



खबर संक्षेप

जल उपयोगिता समिति की बैठक 5 अक्टूबर को

सीहोर। जिला स्तरीय जल उपयोगिता समिति की बैठक 5 अक्टूबर को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होगी। बैठक में जिले के जलाशयों में जलभराव की स्थिति एवं उपलब्ध जल भंडारण क्षमता की समीक्षा की जाएगी। साथ ही वर्ष 2025-26 की सिंचाई उपलब्धियों की समीक्षा कर रबी सीजन 2026-27 के सिंचाई लक्ष्यों का निर्धारण किया जाएगा। बैठक में आगामी समय के लिए पेयजल हेतु आवश्यक जल आरक्षण तथा अन्य सामयिक विषयों पर भी चर्चा होगी। बैठक में जिले की प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक गण सहित जल संसाधन, कृषि, विद्युत वितरण कंपनी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं नर्मदा घाटी विकास विभाग के अधिकारी तथा नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित रहेंगे।

विस्फोटक सामग्री के ऑनलाइन आवेदन 12 से 28 अक्टूबर तक

सीहोर। मध्यप्रदेश में व्यवसाय को सुगम बनाने एवं बढ़ावा देने के उद्देश्य से विस्फोटक अधिनियम, 1884 एवं विस्फोटक नियम, 2008 तथा विस्फोटक (संशोधन) नियम 2019 के अंतर्गत विस्फोटक सामग्री के निर्माण, संधारण, परिवहन एवं विक्रय तथा चोरा पटाखे विक्रय के लिए एनओसी/अनुज्ञप्ति से संबंधित सेवाओं को एम.पी. ई-सर्विस पोर्टल के माध्यम से पूर्णतः ऑनलाइन प्रदान किया जा रहा है। वर्ष 2025 के अवसर पर अधिसूचित जिले में विस्फोटक एवं चोरा पटाखे लाइसेंस प्राप्त करने के इच्छुक आवेदक निर्धारित पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन एवं निर्धारित शुल्क का भुगतान 12 अक्टूबर 2026 से 28 अक्टूबर 2026 तक किया जा सकेगा। आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में मांगी गई जानकारी एवं आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति सावधानीपूर्वक करनी होगी। ऑनलाइन आवेदन पत्र एवं शुल्क भुगतान के लिए निर्धारित पोर्टल का उपयोग किया जा सकता है। निर्धारित शुल्क का भुगतान ऑनलाइन किया जाना है। आवेदन के संबंध में किसी प्रकार की आपराधिक पृष्ठभूमि अथवा आपराधिक मामले लंबित होने की जानकारी छिपाने पर संबंधित आवेदक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिला दण्डाधिकारी बालागुरु के. द्वारा संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

25 और 26 सितंबर को लिए जाएंगे सहमति पत्र, 88 जनशिक्षक और 25 बीएसी की वरिष्ठता के आधार पर होगी नई पदस्थापना

शिक्षा विभाग में बरसों से जमे जनशिक्षकों और बीएसी पर गिरी गाज, खाली हुईं कुर्सियां


नियम दरकिनार कर 15-16 सालों से सेटिंग के दम पर जमे थे जनशिक्षक, अब योग्य और नए शिक्षकों को मिलेगा मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शिक्षा विभाग में सालों से एक ही जगह मलाईदार पदों पर जमे अकादमिक समन्वयकों (बीएसी) और जनशिक्षकों का राज अब खत्म हो गया है। सीहोर जिले के शिक्षा विभाग में चल रहे सेटिंग के खेल और अव्यवस्थाओं के खिलाफ 'हरिभूमि' ने पिछले दो-तीन महीनों से लगातार मुहिम चलाई थी। 'हरिभूमि' के इस बड़े असर के बाद आखिरकार जिले का शिक्षा विभाग प्रशासन को बैकफुट पर आना पड़ा और अब पूरी व्यवस्था को पटरी पर लाने की कार्रवाई तेज कर दी गई है।

समग्र शिक्षा अभियान के तहत सीहोर जिले में 25 बीएसी और 88 जनशिक्षकों के पदों पर नई पदस्थापना की तैयारी शुरू हो चुकी है। खास बात यह है कि जो लोकसेवक 4 साल से अधिक समय से प्रतिनियुक्ति पर जमे हुए थे, उनके पदों को अब खाली (रिक्त) मान लिया गया है। इन पदों को भरने के लिए वरिष्ठता के आधार पर नई काउंसलिंग होगी, जिसके तहत 25 और 26 सितंबर को पात्र शिक्षकों से सहमति पत्र जमा कराए जा रहे हैं।

हरिभूमि ने लगातार खबरें छापकर उजागर की थीं अव्यवस्थाएं, बैकफुट पर आया प्रशासन



खबर का असर

नियम 2 से 4 साल का, लेकिन 16 साल से जमे थे

शिक्षा विभाग के नियमानुसार जनशिक्षक के पद पर प्रतिनियुक्ति 2 से 4 साल के लिए ही होती है। इसके बावजूद सीहोर में कुछ जनशिक्षक 6 साल तो कुछ पिछले 15-16 सालों से नियमों की धज्जियां उड़ाकर एक ही कुर्सी पर खूंटा गाड़े बैठे थे। विभाग के अफसरों की मेहरबानी से यह खेल बेधडक चल रहा था। 'हरिभूमि' ने जब इस धांधली की परतें खोलीं, तो पूरे महकमे में हडक्रंप मच गया। इससे पहले 5 अगस्त को भी काउंसलिंग की कोशिश हुई थी, पर उसे टालकर भोपाल से मार्गदर्शन मांगा गया था। अब 'हरिभूमि' के खुलासे और उठते सवालों के बीच विभाग ने पूरी पारदर्शिता के साथ नए सिरे से प्रक्रिया शुरू की है।

25-26 सितंबर को बीआरसीसी कार्यालय में जमा होंगे फार्म

पात्र शिक्षकों को 25 और 26 सितंबर को अपने संबंधित जनपद शिक्षा केंद्र (बीआरसीसी कार्यालय) में तय प्रारूप में सहमति पत्र जमा करना होगा।

इसके साथ हाईस्कूल अंकसूची/सर्विस बुक का पहला पन्ना, प्रथम नियुक्ति आदेश, वर्तमान पदस्थापना और वरिष्ठता प्रमाण-पत्र लगाना जरूरी है। साथ ही शिक्षक को अपने संकुल प्राचार्य से अनापत्ति प्रमाण पत्र देना होगा, जिसमें यह स्पष्ट लिखा हो कि उनके जनशिक्षक बनने के बाद उनका मूल स्कूल शिक्षकविहीन नहीं होगा।

जिला स्तर की समिति लेगी अंतिम फैसला

सहमति पत्र जमा होने के बाद बीआरसीसी कार्यालय विषयवार सूची तैयार कर जिला शिक्षा केंद्र को भेजेगा। इसके बाद कलेक्टर और जिला स्तरीय समिति की बैठक में अंतिम फैसला और पदस्थापना की तारीख तय की जाएगी। 'हरिभूमि' की इस मुहिम से अब उम्मीद जगी है कि पारदर्शी पदस्थापना से मैदानी स्तर पर स्कूलों की मॉनिटरिंग सुधरेगी और पढ़ाई का माहौल बेहतर होगा।

इन नए नियमों के तहत होंगी नई पदस्थापनाएं

नई व्यवस्था का सबसे सख्त नियम यही है कि जिन लोकसेवकों की प्रतिनियुक्ति को 4 साल से ज्यादा समय हो चुका है, उन्हें हटाकर उनका पद रिक्त माना जाएगा।

अब किसी की मर्जी या सेटिंग नहीं चलेगी। उच्च श्रेणी शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक और उच्च पद प्रभार प्राप्त माध्यमिक शिक्षकों की वरिष्ठता सूची और योग्यता के आधार पर ही चयन होगा।

52 साल की आयु सीमा तयः काउंसलिंग में केवल वही शिक्षक शामिल हो सकेंगे जिनकी उम्र 1 जनवरी 2026 की स्थिति में 52 साल से अधिक न हो और वे सीहोर जिले में ही पदस्थ हों।

विभागीय जांच या आपराधिक मामले वाले शिक्षकों को मौका नहीं मिलेगा। पुराने केंद्र खत्म, एईओ सेंटर बने आधारः जिले में पुराने जन शिक्षा केंद्रों को खत्म कर पोर्टल पर दर्ज नए एईओ सेंटरों को आधार बनाया गया है। हर सेंटर पर 2 जनशिक्षकों के हिसाब से 88 जनशिक्षक और 25 बीएसी तैनात किए जाएंगे।

विधायक ने सर्वोत्तम अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को दी स्कूटी

एक्सीलेंस स्कूल में बालरंग महोत्सव का आयोजन, छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में गुरुवार को स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा बाल रंग महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय सम्मिलित हुए। छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुत की गई।

विधायक सुदेश राय ने मध्य प्रदेश शासन की योजना अंतर्गत मेधावी छात्र अनिल पाल और छात्रा निशा मीणा को चेतन स्कूटी प्रदान की गई। विधायक सुदेश राय और अन्य अतिथियों शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के समूह और एकल नृत्य प्रस्तुत करने वाले और वार्षिक परीक्षाओं में सर्वोत्तम अंक अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं को विधायक सुदेश राय सहित अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। विधायक सुदेश राय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र-छात्राएं खूब मन लगाकर लगाकर पढ़ाई करें और एसपी कलेक्टर एसडीएम अधिकारी बनकर शहर और गांव का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सभी क्षेत्रों में प्रयास करते रहना चाहिए खेलों में भी पीछे नहीं रहना चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं और पालक गण मौजूद रहे।

इस साल अब तक 5.8 इंच कम बारिश, पिछले साल की तुलना में मानसून सुस्त, सामान्य औसत से 11 इंच कम पानी बरसा

सीहोर। जिले में इस मानसून सीजन बारिश पिछले साल के मुकाबले कम हुई है। भू-अभिलेख विभाग की 24 सितंबर को जारी रिपोर्ट के अनुसार, 1 जून से 24 सितंबर तक जिले में औसत 34.2 इंच बारिश दर्ज हुई है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 39.9 इंच पानी गिरा था। इस तरह इस बार बारिश करीब 5.8 इंच कम रही।

जिले की सामान्य औसत वर्षा 45.2 इंच मानी जाती है। इस हिसाब से अब तक हुई बारिश सामान्य से भी कम है। हालांकि, तहसीलवार स्थिति अलग-अलग रही है। सीहोर तहसील में इस साल 42.8 इंच बारिश हुई, जो पिछले साल के 35.9 इंच से ज्यादा है। आष्टा में भी इस बार 35.3 इंच पानी गिरा, जबकि पिछले साल 33.0 इंच बारिश हुई थी।

श्यामपुर, जावर और इछावर में भी कम बारिश : श्यामपुर में इस साल 31.7 इंच बारिश दर्ज हुई, जबकि पिछले साल 36.8 इंच पानी गिरा था। जावर में 25.3 इंच बारिश हुई, जो पिछले साल के 30.6 इंच से कम है। इछावर में इस बार 32.0 इंच बारिश हुई, जबकि पिछले साल 35.8 इंच दर्ज की गई थी। भैरूंदा में इस साल 37.3 इंच बारिश हुई, जो पिछले साल के 41.1 इंच से करीब 3.8 इंच कम है।



बुधनी और रेहटी में सबसे ज्यादा अंतर

बुधनी में इस बार बारिश में सबसे ज्यादा कमी दर्ज हुई है। यहां 1 जून से 24 सितंबर तक 32.8 इंच बारिश हुई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 57.0 इंच पानी गिरा था। यानी इस बार पिछले साल के मुकाबले करीब 24.2 इंच कम बारिश हुई। रेहटी में भी बारिश पिछले साल से काफी कम रही। इस साल यहां 35.5 इंच पानी गिरा, जबकि पिछले साल 49.1 इंच बारिश दर्ज की गई थी।

मानसून की गतिविधियां कमजोर, अब विदाई का दौर : मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, मध्य प्रदेश के ऊपर फिलहाल मजबूत साइक्लोनिक सर्कुलेशन या कम दबाव का क्षेत्र नहीं बनने और बंगाल की खाड़ी से नमी की कमी के कारण बारिश की गतिविधियां कमजोर हुई हैं। मानसून ट्रफ के उत्तर दिशा की ओर खिसकने से सीहोर और आसपास के क्षेत्रों में भी लगातार बारिश का दौर थम गया है। सितंबर का आखिरी सप्ताह होने के कारण अब मानसून विदाई के चरण में है। आने वाले दिनों में कुछ स्थानों पर स्थानीय प्रभाव से हल्की फुहार या गरज-चमक हो सकती है, लेकिन तेज और लगातार बारिश की संभावना कम है। आसमान साफ रहने पर दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है, जबकि रात के तापमान में गिरावट के साथ हल्की ठंडक महसूस होने की शुरुआत हो सकती है।

कलेक्टर व एसपी ने विसर्जन घाट का किया निरीक्षण

गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सुरक्षा एवं सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर बालागुरू के एवं पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने सीहोर स्थित विसर्जन घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने घाट पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विसर्जन स्थल पर सुरक्षा की दृष्टि से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। घाट पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, स्वच्छता, पेयजल सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहें तथा व्यवस्थित तरीके से प्रतिमा विसर्जन किया जाये।

कलेक्टर एवं एसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विसर्जन के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने और यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक पुलिस बल एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। घाट पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसके लिये सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। निरीक्षण के दौरान एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे, एसडीएम तन्मय वर्मा, नगरपालिका सीएमओ सुधीर सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



जिलेभर में गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

कलेक्टर बालागुरू के ने जिले के सभी एसडीएम, एसडीओपी, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने क्षेत्रों में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए निर्धारित घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करें। विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा, प्रकाश, स्वच्छता, पेयजल, बैरिकेडिंग तथा यातायात व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विसर्जन स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं आवश्यक अमला तैनात रहे तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहें।

नदी एवं जलाशयों के गहरे स्थानों पर विशेष निगरानी रखते हुए सुरक्षा संबंधी आवश्यक प्रबंध किए जाएं। संबंधित अधिकारी मौके पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि विसर्जन के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

चल समारोह के सुचारू संचालन के दिए निर्देश

कलेक्टर बालागुरू के ने गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान जिले के विभिन्न नगरों में निकलने वाले चल समारोह के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि चल समारोह के मार्ग में आवश्यक सुरक्षा, यातायात, प्रकाश, पेयजल एवं स्वच्छता सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। भीड़ को देखते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा यातायात व्यवस्था के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाएं। कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम, एसडीओपी, को अपने क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए।

2.32 करोड़ से बने बिजली उपकेंद्र का लोकार्पणः8 गांवों में सुधरेगी बिजली सप्लाई, जिले का पहला आईएसओ प्रमाणित बिजली उपकेंद्र

सीहोर। ग्रामीण इलाकों में बिजली व्यवस्था बेहतर करने के लिए ढाबला केलवाड़ी गांव में नया बिजली उपकेंद्र शुरू किया गया है। गुरुवार को प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने 2 करोड़ 32 लाख रुपए की लागत से बने 33/11 केवी उपकेंद्र का फीता काटकर लोकार्पण किया।



यह उपकेंद्र बिलकिसगंज वितरण केंद्र के तहत शुरू किया गया है। यहां से तीन 11 केवी फीडर शुरू किए गए हैं। इनमें एक घरेलू और दो कृषि पंप फीडर हैं। इससे ढाबला केलवाड़ी, रामाखेड़ी, हीरापुर, पीपलनेर, किशनपुरा, नापली, चैनपुरा और सिकंदरगंज समेत आठ गांवों में बिजली सप्लाई बेहतर होगी।

दो अलग कृषि पंप फीडर से किसानों को सिंचाई के लिए सही वोल्टेज में बिजली मिलेगी। इससे लो-वोल्टेज के कारण कृषि पंप खराब होने की समस्या से राहत मिलेगी और सिंचाई में सुविधा होगी। अलग घरेलू फीडर से ग्रामीणों को बिना बताए बिजली कटौती और बार-बार बिजली जाने की समस्या से राहत मिलेगी। इससे बच्चों की पढ़ाई और रोजमर्रा के घरेलू काम बिना रुकावट हो सकेंगे। बिजली उपकरण खराब होने की समस्या कम होने से ग्रामीणों का मरम्मत खर्च भी बचेगा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने मंत्री को ज्यादा बिजली बिल आने सहित क्षेत्र की अन्य समस्याएं बताईं। मंत्री ने इन समस्याओं के जल्द समाधान का भरोसा दिया।

सीहोर का पहला आईएसओ प्रमाणित बिजली उपकेंद्र : लोकार्पण समारोह में नए विद्युत उपकेंद्र को मिला आईएसओ प्रमाण-पत्र भी सौंपा गया। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने यह प्रमाण-पत्र मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की महाप्रबंधक पूनम तुमराम को दिया। बताया गया कि सीहोर जिले के इतिहास में यह पहला मौका है, जब किसी विद्युत उपकेंद्र को बेहतर संचालन और गुणवत्ता के लिए आईएसओ प्रमाण-पत्र मिला है। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाडा, स्थानीय नेता, बिजली विभाग के अधिकारी और कई ग्रामीण मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

किसानों को किया जा रहा परेशान : भगत सिंह तोमर



सीहोर। जिले के ग्राम अहमदपुर पटवारी द्वारा विगत दिनों गांव के रास्ते का सीमांकन किया गया तथा क्षेत्र के प्रतिष्ठ समर्पित किसानों पर संगठन के माध्यम से ज्ञापन देकर आरोप लगाया कि किसानों द्वारा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की जा रही है व पटवारी के साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। उक्त विषय में क्षेत्र के समाजसेवी भगत सिंह तोमर ने बयान जारी करते हुए कहा कि सीहोर जिले में वर्तमान समय में देश के अन्नदाता किसान को परेशान किया जा रहा है। मजदूर किसानों की आज शासकीय सुविधाओं से वंचित है। आज किसानों को समय पर पर्याप्त खाद नहीं मिल पा रहा है। गेहूं उपार्जन पंजीयन सिस्टम व्यवस्थित नहीं होने से उनका अनाज नहीं तोला गया जिससे कि आज मजदूर किसान परेशान है।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शिविर व भ्रमण 26 को

सीहोर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत आष्टा विकासखंड के ग्राम खड़ी हाट में पूर्व निर्धारित 25 सितम्बर के स्थान पर अब 26 सितम्बर को शिविर एवं भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं एवं सेवाओं को अधिक प्रभावी ढंग से ग्रामीणों तक पहुंचाना, आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों का मौके पर निराकरण करना तथा पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाना है।

6 अक्टूबर को मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

सीहोर। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 2026 एवं एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कृमिनाशक दवा सेवन अभियान आयोजित किया जाएगा। जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 6 अक्टूबर तथा मॉप-अप दिवस 9 अक्टूबर 2026 को आयोजित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जिले में 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को लक्षित किया गया है। जिले का कुल लक्ष्य 5,66,171 है। वहीं 20 से 49 वर्ष की प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं के लिए 40 प्रतिशत कवरेज के आधार पर 88,495 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीहोर डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, जनजातीय कार्य, पंचायत राज एवं तकनीकी शिक्षा विभाग सहित संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया गया है। जिला स्तर पर समन्वय एवं अनुश्रवण की व्यवस्था की गई है।

किसानों की आय बढ़ाने क्लस्टरवार कार्ययोजना बनाकर प्रभावी ढंग से करें कार्य : कलेक्टर

कलेक्टर के अफसरों को निर्देश, किसानों को योजनाओं की जानकारी देकर मार्गदर्शन करें

कलेक्टर ने पशुपालन एवं दुग्ध संघ की समीक्षा करते हुए जिले में पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रेरित करने के निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. ने कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, दुग्ध संघ सहित संबंधित विभागों की बैठक आयोजित कर विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से क्लस्टरवार कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी ढंग से कार्य करें। किसानों को पारंपरिक गतिविधियों के साथ नई एवं आयवर्धक गतिविधियों से जोड़ने के लिए नवाचार किए जाएं।

कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप से किसानों तक पहुंचे, इसके लिए अधिकारी नियमित रूप से फील्ड में जाएं, किसानों से सतत संपर्क रखें और उन्हें नवीन तकनीकों एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर मार्गदर्शन करें। उन्होंने उद्यानिकी विभाग को अधिक से अधिक नए किसानों को उद्यानिकी से जोड़ने तथा औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से रचनात्मक गतिविधियां संचालित करने को कहा।

कलेक्टर ने पशुपालन एवं दुग्ध संघ की समीक्षा करते हुए जिले में पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पशुपालन किसानों की आय बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। जिले में दुग्ध समितियों की संख्या बढ़ाई जाए तथा अधिक से अधिक पशुपालकों को दुग्ध समितियों से जोड़ा जाए। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण, मार्गदर्शन एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

उन्होंने विभागीय गतिविधियों एवं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए नियमित शिविर एवं गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। पशुओं में होने वाली बीमारियों की रोकथाम, टीकाकरण एवं उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निर्धारित स्थानों पर सांची उत्पादों के विक्रय के लिए पार्लर स्थापित करने तथा डेयरी गतिविधियों से अधिक से अधिक लोगों, विशेषकर युवाओं को जोड़ने के लिए प्रयास करने को कहा। कलेक्टर ने मत्स्य विभाग की समीक्षा करते हुए जिले में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक किसानों को मत्स्य पालन की गतिविधियों से जोड़ा जाए तथा उन्हें शासन की योजनाओं, तकनीकी जानकारी एवं उपलब्ध सुविधाओं का लाभ दिलाया जाए।

जल संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए मत्स्य पालन को किसानों की अतिरिक्त आय का माध्यम बनाया जाए। कलेक्टर ने कृषि विभाग को किसानों के लिए खाद एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सहकारिता विभाग को अधिक से अधिक किसानों को सुगमता से ऋण उपलब्ध कराने तथा ऋण प्रकरणों में अनावश्यक विलंब न करने को कहा। साथ ही सहकारी बैंकों का व्यवसाय बढ़ाने और अधिक से अधिक किसानों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा करने तथा किसानों की आय बढ़ाने के लिए परिणाम मूलक गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, उप संचालक कृषि ए.के. उपाध्याय, उप संचालक पशुपालन नीलेश देसाई, सहायक आयुक्त सहकारिता सुधीर कैथवास, सहायक संचालक मत्स्य प्रशांत हर्ष, सहायक संचालक जगदीश मुजालदा उपस्थित थे।

सुभाष स्कूल की नई बिल्डिंग का विधायक राय ने किया उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सुभाष चंद्र बोस हाई सेकंडरी स्कूल गंज में गुरुवार को विधायक सुदेश राय द्वारा नवीन स्कूल बिल्डिंग का उद्घाटन किया गया। राज्य ओपन स्कूल विभाग के द्वारा छात्र-छात्राओं के अध्ययन के लिए इस बिल्डिंग का निर्माण कराया गया। विधायक सुदेश राय ने शिक्षक शिक्षिकाओं छात्रों को नई बिल्डिंग मिलने पर बधाई शुभकामनाएं दी।

उद्घाटन कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर,राज्य ओपन स्कूल विभाग के सहायक संचालक रामवैध, जिला शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति पार्षद विवेक राठौर सम्मिलित रहे।

कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्राचार्य आशीष शर्मा ने सभी अतिथियों का पुष्प मालाए पहनाकर स्वागत किया। राज्य ओपन स्कूल विभाग के सहायक संचालक रामवैध ने बताया कि विधायक सुदेश राय की अनुशंसा पर राज्य ओपन स्कूल विभाग के द्वारा सीहोर जिले में केवल सुभाष स्कूल को गोद लेकर छात्राओं के अध्ययन के लिए नई बिल्डिंग उपलब्ध कराई गई है। आईवीडी बैंक के द्वारा फर्नीचर उपलब्ध कराया गया है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बीआरसी अशोक वर्मा, एपीसी रमेशराम उइके, एडीपीसी संजय जादौन,बीओ रूपश्री नागेश, पार्षद कमलेश राठौर, डॉ गगन नामदेव डॉ गौरव ताम्रकार पार्षद कमलेश कुशवाहा सहित छात्र छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल संचालन दीपक बिसोरिया और आभार पीके शर्मा के द्वारा व्यक्त किया गया।

सियाराम कॉलोनी में श्रद्धा और भक्ति के साथ गणपति उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सियाराम कॉलोनी में सिया के राम गणेश उत्सव मंडल द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा को विधि-विधान एवं भक्तिभाव के साथ विराजमान किया गया है। कॉलोनी के समस्त परिवारों द्वारा मिलकर गणपति उत्सव को श्रद्धा, आस्था और सामाजिक एकता के साथ मनाया जा रहा है।

गणेश उत्सव के दौरान कॉलोनी के बच्चों द्वारा भगवान श्री गणेश जी के चरणों में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए भक्ति एवं संस्कृति का सुंदर संदेश दिया। वहीं महिलाओं और बच्चों द्वारा प्रतिदिन गणपति जी के भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बनाया जा रहा है।

गणपति के प्रति श्रद्धा का विशेष भाव

सियाराम कॉलोनी में गणपति जी की स्थापना के बाद श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। कॉलोनी के बच्चे एवं महिलाएं प्रतिदिन सुबह भगवान गणेश के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेते हैं और इसके बाद अपने दैनिक कार्यों एवं बच्चे स्कूल के लिए प्रस्थान करते हैं। यह परंपरा बच्चों में संस्कार, श्रद्धा और धार्मिक आस्था को बढ़ावा देने का सुंदर प्रयास है।

गणेश उत्सव मंडल के सदस्यों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ कॉलोनी के परिवारों में आपसी प्रेम, भाईचारा, एकता और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करना है। सभी परिवारों के सहयोग से उत्सव को उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है।

सिया के राम गणेश उत्सव मंडल, सियाराम कॉलोनी के गणपति उत्सव में निम्न परिवारों एवं सहयोगियों का विशेष योगदान एवं समर्पण हैः पिंकी इंजी. कृष्णपाल सिंह बघेल, ललिता जगदीश प्रसाद मालवीय, नेहा महेश वर्मा, अवंतिका सुनील पाटीदार, सरिता उपेंद्र ठाकुर, दीपिका नरेंद्र शर्मा, रोशनी राकेश रैकवार, अनीता मनोज पवार, राधेश्याम मेवाड़ा, लीला करम डुडवे, अरविंद कुमार, अनुज वर्मा, राधेश्याम मेवाड़ा (अध्यापक), हिमांशु परमार, शीतल देवेंद्र कुमार काशिव, सतीश राय, ओपी राजपूत शामिल हैं।

जिला स्तरीय टेबल टेनिस पुरुष प्रतियोगिता में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीहोर प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के वार्षिक खेलकूद कैलेंडर 2026-27 के अंतर्गत जिला स्तरीय टेबल टेनिस पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन 24 सितम्बर को शासकीय विधि महाविद्यालय, सीहोर द्वारा चैन सिंह सभागार में किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

रोमांचक मुकाबलों के बाद प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीहोर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। राय साहब भंवर सिंह अशासकीय महाविद्यालय, भैरूंदा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन आगामी संभाग स्तरीय टेबल टेनिस पुरुष प्रतियोगिता में सीहोर जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया गया। शासकीय विधि महाविद्यालय के प्राचार्य राजकुमार साहू ने विजेता, उपविजेता एवं चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

प्रतियोगिता का आयोजन दुष्यंत कौल, सहायक प्राध्यापक (विधि) के संयोजन में हुआ। निर्णायकों, चयन समिति, क्रीड़ा अधिकारी उपस्थित थे।

मेधावी छात्रा कुमकुम ठाकुर को मिली स्कूटी, चेहरे पर आई मुस्कान




इछावर। नगर की ए-प्लस एकेडमी में पढ़ने वाली छात्रा कुमकुम ठाकुर पिता मनोहर ठाकुर को मध्यप्रदेश शासन की मेधावी छात्र योजना के तहत स्कूटी मिली है। छात्रा ने जीवविज्ञान समूह में कक्षा 12वीं परीक्षा उच्चतम अंकों से उत्तीर्ण की है। इसी के तहत छात्रा को योजना अनुसार प्रोत्साहन के रूप में स्कूटी प्रदाय की गई है। एकेडमी संचालक अमन नागर ने बताया कि छात्रा काफी मेहनती और कुशाग्रबुद्धि की धनी है। कठिन परिश्रम की बादौलत ही उसने यह उपलब्धि हासिल की है। छात्रा को शिक्षक विमलेश वर्मा, सतीश परमार आदि ने बधाई दी।

आज अटल अस्पताल में निःशुल्क महिला स्वास्थ्य शिविर

सीहोर। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत अटल अस्पताल, गंगा आश्रम सीहोर में 25 सितंबर को निःशुल्क महिला स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा।

शिविर में महिलाओं को गर्भावस्था से प्रसव तक आवश्यक परामर्श एवं उपचार, प्रसव संबंधी समस्याएं, बांझपन, सफेद पानी, अनियमित या अत्यधिक माहवारी, बच्चेदानी में गांठ और अंडाशय की



गांठ जैसी समस्याओं के संबंध में विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श दिया जाएगा, शिविर में डॉ. अंशु सोभानी, एम बी बी एस, डी एन बी, एफएमएएस द्वारा महिलाओं को परामर्श दिया जाएगा। अस्पताल प्रबंधन ने क्षेत्र की महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं विशेषज्ञ परामर्श का लाभ लेने की अपील की है।

2 से 8 तक मनाया जाएगा मद्य निषेध सप्ताह

सीहोर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में 2 से 8 अक्टूबर 2026 तक मद्य निषेध सप्ताह मनाया जाएगा। कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सप्ताह के दौरान विभिन्न जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नशे के दुष्परिणामों के प्रति युवाओं, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को जागरूक करने के लिए प्रभावी कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। 2 अक्टूबर को नशा मुक्ति रैली और प्रदर्शन, 3 अक्टूबर को शैक्षणिक प्रतियोगिताएं और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, 4 अक्टूबर को ग्राम सभाओं में नशामुक्त गांव का संकल्प, 5 अक्टूबर को सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता, 6 अक्टूबर को महिला स्व-सहायता समूहों की भागीदारी, 7 अक्टूबरः स्कूल-कॉलेजों में ऑनलाइन शपथ, 8 अक्टूबर को जिला मुख्यालयों पर समापन समारोह आयोजित होगा। सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद गठित हुई नई समिति

सर्वसम्मति से अनिल पटेल बने हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष, नई कार्यकारिणी ने संभाली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी



हिंदू उत्सव समिति रेहटी की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। समिति के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद आयोजित बैठक में युवा अनिल पटेल को सर्वसम्मति से समिति का नया अध्यक्ष चुना गया। बुधवार को जगदीश पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल पटेल ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम में नगर के विभिन्न समाजों के अध्यक्ष, पूर्व हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने नवनियुक्त अध्यक्ष सहित पूरी कार्यकारिणी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि नई समिति धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को और बेहतर तरीके से आगे बढ़ाएगी।

पूर्व अध्यक्ष के कार्यकाल की सराहना

हिंदू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने अपना तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा किया। उनके कार्यकाल के दौरान समिति द्वारा विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में किए गए नवाचारों की समाजजनों ने सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पूर्व अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता एवं उनकी पूरी समिति के कार्यकाल को याद करते हुए उनके प्रयासों की प्रशंसा की।

समाजजनों ने कहा कि समिति के माध्यम से नगर में धार्मिक आयोजनों को व्यवस्थित एवं भव्य स्वरूप देने के साथ ही सामाजिक सहभागिता को भी बढ़ावा मिला। कार्यकाल पूर्ण होने के बाद नई समिति को जिम्मेदारी सौंपने की प्रक्रिया सर्वसम्मति से पूरी की गई।

तीन वर्ष के लिए नई समिति की जिम्मेदारी

हिंदू उत्सव समिति का गठन प्रत्येक तीन वर्ष में किया जाता है। पिछली समिति का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद आयोजित बैठक में सभी सदस्यों की सहमति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल पटेल ने कहा कि समिति के सभी सदस्यों एवं समाज के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में धार्मिक और सामाजिक आयोजनों को बेहतर बनाने के लिए मिलकर कार्य किया जाएगा। नई हिंदू उत्सव समिति का गठन किया गया जिसमें संरक्षक के रूप में राजेंद्र पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष रेहटी एवं चंद्रशेखर गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष हिंदू उत्सव समिति, नए अध्यक्षः अनिल पटेल,उपाध्यक्षः अश्वनी नानकानी, विकास ठाकुर, उमेश साहू,सचिवः भरत शर्मा,सह-सचिवः सागर सोनी,कोषाध्यक्षः शुभम ठाकुर,संगठन मंत्रीः बालकृष्ण विश्वकर्मा, राहुल मालवीय, अशोक सेन,प्रचार मंत्रीः सुमित सेनी,मीडिया प्रभारीः मुकेश मेहता,पत्रकार को बनाया गया। कार्यक्रम मे नगर के गणमान्य नागरिकों एवं सामाजिक राजनैतिक संगठन पदाधिकारी सहित हिन्दू उत्सव समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत विविध गतिविधियों का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय, सीहोर में नशा मुक्ति जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरुकता उत्पन्न करना तथा नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। साथ ही सेवा, स्वच्छता, जनजागरुकता एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से विद्यार्थियों को जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कलिका डोलस ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य छात्राओं में सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व, स्वच्छता के प्रति जागरूकता तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जानकारी एवं सहभागिता की भावना विकसित करना है। इसी क्रम में जनभागीदारी योजनाओं एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित नाटक का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से छात्राओं को शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक रहने तथा पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने का संदेश दिया। महाविद्यालय परिसर एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से छात्राओं द्वारा स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान किया गया।

छात्राओं ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए स्वच्छ परिसर एवं स्वच्छ समाज के निर्माण का संकल्प लिया। अभियान के अंतर्गत प्लास्टिक मुक्त जागरूकता विषय पर व्याख्यान का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों तथा प्लास्टिक के विकल्प अपनाने के संबंध में जानकारी के साथ साथ 'सेवा सेतु–सरकार आपके द्वार' योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को शासन की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। प्रदान की गई। कार्यक्रम प्रभारी डॉ पूजा कश्यप के साथ महाविद्यालय के डॉ. अनूप सिंह, डॉ. लखन लाल कलेशरिया, शिवम सक्सेना, डॉ नेहा शर्मा डॉ भारती सक्सेना नूरजहां हाशमी, अनिल भल्लावी, मंगला रायबोले एवं अनिल डकिया उपस्थित रहे तथा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।


पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने चिकित्सकों की कमी का भी पत्र में किया उल्लेख

जिला चिकित्सालय रेफर केंद्र बन गया, प्रमुख सचिव से शिकायत

व्यवस्थाएं न सुधरी न तो धरने पर बैठेंगे पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिला चिकित्सालय राजगढ़ अब प्रसूताओं के लिए रेफर केंद्र जैसा हो चुका है। यहां नार्मल केस को भी गंभीर बताकर हायर सेंटरों में रेफर किया जा रहा है और वहां प्रसूताओं की नार्मल डिलेवरी हो जाती हैं। निजी चिकित्सालयों को लाभ पहुंचाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। उक्त आरोप पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखते हुए लगाए हैं। अपने पत्र में श्री तंवर ने जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों व अन्य मेडीकल स्टाफ की कमी को भी प्रमुखता से उठाते हुए स्टाफ बढ़ाने की मांग प्रमुख सचिव से की है। पत्र में आगे उल्लेख है कि राजगढ़ जिला चिकित्सालय में उनके(श्री तंवर के) कार्यकाल में जिला चिकित्सालय का उन्नयन कर 500 बेड की क्षमता की गई थी तथा आधुनिक मशीनें डायलिसिस एवं सीटी स्कैन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं लेकिन पर्याप्त डॉक्टर


बापूसिंह तंवर
पूर्व विधायक

एवं मेडिकल स्टाफ नहीं होने के कारण इन सुविधाओं का अपेक्षित लाभ आम जनता को नहीं मिल पा रहा है। पूर्व विधायक ने पत्र में कहा कि राजगढ़ क्षेत्र के ग्राम करोड़ी स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नहीं होने के कारण ग्रामीणों को उपचार के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

लोकायुक्त घेरे में आई सीएमएचओ का भी उठाया मुद्दा

20 हजार रुपए की रिश्वत लेते लोकायुक्त पुलिस भोपाल के हाथों रंगेहाथों पकड़ी गई राजगढ़ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल के संबंध में भी विधायक ने प्रमुख सचिव को अवगत कराया है। उल्लेख है कि सीएमएचओ को पद से हटाने के आदेश में स्वास्थ्य आयुक्त एस. धनराजु ने लोकायुक्त द्वारा की गई कार्यवाही की पुष्टि का उल्लेख नहीं किया जिसके चलते सीएमएचओ डॉ. पटेल अपने तबादले पर न्यायालय से स्थगन आदेश ले आईं। यही कारण था कि लोकायुक्त ने स्वास्थ्य आयुक्त एस. धनराजु को 21 सितंबर को तलब किया। आपको बतादें कि लोकायुक्त कार्यालय के उप पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र सिंह ने यह नोटिस जारी किया था।

विशेषज्ञों के 51 पद स्वीकृत लेकिन कार्यरत सिर्फ 17

बतादें कि 500 बिस्तरीय राजगढ़ जिला चिकित्सालय हेतु विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों के 51 पद स्वीकृत हैं जिनमें से सिर्फ 17 पद ही भरे हुए हैं वहीं 34 पद खाली हैं। इसी तरह स्टाफ नर्सों भी अपने स्वीकृत पदों की तुलना में काफी कम संख्या में यहां अपनी सेवाएं दी रही हैं।

खास-खास

जिला चिकित्सालय हेतु स्वीकृत व भरे पद

पद	स्वीकृत	भरे	रिक्त
विशेषज्ञ	51	17	34
स्त्री रोग विशेषज्ञ	05	02	03
शिशु रोग विशेषज्ञ	07	02	05
ईएनटी	02	00	02
मेडीकल ऑफिसर	31	11	20

इनका कहना है

यदि जल्द जिला अस्पताल में चिकित्सकों की कमी पूरी नहीं और व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो मैं कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठूंगा।
- बापूसिंह तंवर, पूर्व विधायक, राजगढ़

चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न

'मेरे सपनों का भारत' थीम पर विद्यार्थियों ने उकेरे अपने सपने



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'मेरे सपनों का भारत' थीम पर विकासखंड स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन षासकीय उत्कृश्ट उमावि सारंगपुर में किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर चित्रों के माध्यम से भारत के प्रति अपने सपनों और विचारों को अभिव्यक्त किया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा मालवीय, कक्षा 10वीं, षासकीय हाईस्कूल चिड़लावण्या ने प्राप्त किया। द्वितीय सानि उत्कृश्ट विद्यालय सारंगपुर एवं षासकीय उमावि पाड्लियामाता ने प्राप्त किया, जबकि तृतीय सानि सांदीपनि विद्यालय मऊ के विद्यार्थियों ने हासिल किया। कार्यम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती नीलम सोनी सक्सेना, मोर्चा अध्यक्ष राजगढ़, मोहन गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष भाजपा एवं सेवा संकल्प जिला प्रभारी, कैलाष नगर, जनपद उपाध्यक्ष सारंगपुर, विश्णु पाटीदार, सेवा संकल्प अभियान मंडल प्रभारी, दिनेष सिसोदिया, एल्उरमैन, सुनील बागवान, पार्शद प्रतिनिधि, तारागंज तथा लोकेंद्र गुर्जर, पडाना चित्रकला मंडल प्रभारी सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित किया। नोडल प्रभारी एवं बीईओ सुरेष बिरमाल तथा सहायक नोडल बीआरसी बीएल वर्मा की उपस्थिति में कार्यम संपन्न हुआ। कार्यम का संचालन सत्यानंद महाराज ने किया, जबकि उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य पूजा विजयवर्गीय ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के आयोजन एवं व्यवस्थाओं में वैजयंती चौरसिया, सुनीता पांडे, माधुरी सोनी सहित अन्य षिक्षकों का विषेश सहयोग रहा।

पुलिस अधीक्षक ने प्रेसवार्ता में किया खुलासा

खुजनेर में व्यापारी से 1.49 लाख की लूट करने वाले 4 आरोपी धराए



हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

स्थानीय व्यापारी के नगदी से भरे थैले की चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए चार वयस्क आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी गई 1 लाख 49 हजार रुपए की पूरी राशि बरामद करने के साथ ही वारदात में प्रयुक्त होंडा शाइन मोटरसाइकिल भी जब्त की है। मामले में एक नाबालिग की भूमिका भी सामने आई है, जिसके संबंध में किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। वहीं नाबालिग का पिता फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

कपड़ों पर तरल पदार्थ डालकर भटकाया ध्यान-पुलिस के अनुसार ब्यावरा निवासी 70 वर्षीय रामचंद उर्फ चंदू यादव सेल्समैन का काम करते हैं। 18 सितंबर को वे खुजनेर में दुकानदारों से सामान की सप्लाई और नगदी राशि लेने आए थे। उनके पास हरे रंग के थैले में करीब 1.49 लाख रुपए रखे थे। शाम करीब 4.30 बजे गांधी ब्रदर्स की दुकान के सामने राजगढ़ चैराहे पर किसी ने उनके कुर्ता-पायजामा पर पीछे से लालरंग का तरल पदार्थ डाल दिया। कपड़े साफ करने के लिए वे पानी लेने गए और नगदी से भरा थैला दुकान के बाहर बोरी पर रख दिया। कुछ देर बाद लौटने पर थैला गायब मिला। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना खुजनेर में अपराध 187/2026 के तहत धारा 303(2) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

सीसीटीवी से मिला सुराग

घटना के बाद पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों और फुटेज के विश्लेषण के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई। पुलिस जांच में बादल और एक नाबालिग की सक्रिय भूमिका सामने आई। इसके बाद अन्य आरोपियों की भूमिका भी सामने आने पर उन्हें प्रकरण में शामिल किया गया।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी की पूरी 1.49 लाख रुपए की राशि बरामद कर ली। साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई।

4 गिरफ्तार, 1 आरोपी फरार

पुलिस के मुताबिक मामले में बादल पुत्र कृष्णा सिसोदिया, लक्ष्मी पत्नी सज्जन सांसी, प्रिया पिता लाखन सांसी तथा नाबालिग की माता को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों का संबंध गुलखेड़ी और मुंगावली क्षेत्र से बताया गया है।वहीं नाबालिग का पिता फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। नाबालिग की पहचान संबंधी जानकारी कानून के प्रावधानों के तहत गोपनीय रखी गई है।

कलेक्टर, एसपी ने उप निर्वाचन तैयारियों का लिया जायजा

मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगर-मालवा जिले की जनपद पंचायत नलखेड़ा के दो वार्डों में जनपद सदस्य पद के लिये उप निर्वाचन के तहत 29 सितम्बर को होने वाले उप चुनाव में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सुचारू मतदान की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शेर सिंह मीना एवं पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी ने बुधवार की शाम को नलखेड़ा में जनपद पंचायत के दो वार्डों के उप चुनाव की तैयारियों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय महाविद्यालय नलखेड़ा तथा शासकीय माध्यमिक निपानिया खिंची सहित अन्य स्थानों को भ्रमण किया और मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर सुव्यवस्थित मतदान व्यवस्था का जायजा लिया। इस मौके पर एसडीएम सुसनेर श्रीमती देवकुंवर सोलंकी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत साइबर अपराधों के खिलाफ कार्रवाई

एपीकेफाइल डाउनलोड होते ही खाते से उड़ाई 2.72 लाख की रकम, खुजनेर पुलिस ने 100 प्रतिशत राशि कराई बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय के सेफ क्लीक 2.0 अभियान के तहत साइबर अपराधों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए खुजनेर पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में तीन आरोपियों को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ और निशानदेही के आधार पर ठगी गई 2,72,101 की पूरी राशि बरामद करने का दावा किया है।पुलिस के अनुसार ग्राम बड़लावदा निवासी जितेन्द्र यादव ने 18 अगस्त 2026 को थाना खुजनेर में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि मोबाइल में एक एपीके फाइल डाउनलोड करने के बाद अज्ञात लोगों ने उसके बैंक खाते से धोखाधड़ीपूर्वक राशि निकाल ली। खाते से चार ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 2,72,101 की राशि निकाली गई थी।शिकायत पर थाना खुजनेर में अपराध 171/2026 के तहत बीएनएस की धारा 318(4) एवं 319(2) में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने संबंधित बैंकों से



समन्वय कर प्रारंभिक स्तर पर 66,896 की राशि होल्ड कराई। इसके बाद विशेष टीम ने तकनीकी और साइबर विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू की।

गुजरात से जुड़े तीन आरोपी अभिरक्षा में- पुलिस टीम ने 22 सितंबर को सेफ अली, आदिल और मोहम्मद सोयल को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक पूछताछ और निशानदेही के आधार पर साइबर ठगी की पूरी 2,72,101 की राशि बरामद कर ली गई।अभिरक्षा में लिए गए आरोपियों में सेफ अली निवासी दादाभाई नगर, कठोर, सूरत, आदिल निवासी ताई वार्ड, कठौर, जिला सूरत तथा मोहम्मद सोयल निवासी ग्राम कठोर, जिला सूरत शामिल हैं। पुलिस के अनुसार मामले में आरोपियों से साइबर ठगी के नेटवर्क और घटना से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ जारी है। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस ने की साइबर सुरक्षा की अपील

राजगढ़ पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि अनजान लिंक, फाइल, कोड या संदिग्ध कॉल पर भरोसा न करें। साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर संपर्क करें और साइबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराएं।

कलेक्टर-एसपी ने वरिष्ठ पत्रकार स्व. बसंत गुप्ता के निवास पर श्रद्धासुमन अर्पित किए



नलखेड़ा। आगर के वरिष्ठ पत्रकार बसंत कुमार गुप्ता के गत दिवस असामयिक निधन पर कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना एवं पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी ने गुरूवार को उनके निवास पर पहुंचकर स्व. गुप्ता के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही शोक संतृप्त परिवार के प्रति अपनी ओर से शोक संवेदनाएं भी व्यक्त की तथा परिजनों से स्व. गुप्ता के पत्रकारिता एवं सामाजिक जीवन आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निलेश जैन पटेल, सहायक संचालक जनसम्पर्क जगदीश चन्द्र मालवीय, थाना प्रभारी नागेश यादव, अरविन्द गुप्ता, गौरव गुप्ता एवं गुप्ता परिवार के सदस्यगण, समाजजन उपस्थित थे।

मेरे सपनों का भारत विषय पर भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं प्रमाण-पत्र वितरण समारोह के साथ हुआ। स्थापना दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत नशा मुक्त भारत विषय पर छात्राओं के लिए रंगोली, नृत्य, कविता एवं गायन प्रतियोगिताओं के साथ-साथ सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मेरे सपनों का भारत विषय पर भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली में प्रथम स्थान गुंजन शर्मा, द्वितीय स्थान खुशी शर्मा तथा तृतीय स्थान विष्णु खराड़ी एवं पायल कमलेश जी ने प्राप्त किया। नृत्य में प्रथम स्थान रिद्धि लालवानी, द्वितीय स्थान भव्या शर्मा तथा तृतीय स्थान ख्वाहिश सैनी ने प्राप्त किया।



कविता में प्रथम स्थान भव्या शर्मा ने प्राप्त किया। गायन में प्रथम स्थान प्रतिबाला बैरागी, द्वितीय स्थान रंजना समरथ जी तथा तृतीय स्थान पिंकी गणपत ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम प्रभारी डॉ. नौरीन कुरैशी के मार्गदर्शन में किया गया।

मेरे सपनों का भारतह्व विषय पर आयोजित चित्रकला में गुंजन धाकड़ ने प्रथम, प्रतिज्ञा धाकड़ ने द्वितीय तथा खुशी शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण में प्रतिज्ञा धाकड़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. स्मिता मंडलोई एवं डॉ. उषा वर्मा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. नीरंजन गंगवाल, डॉ. स्मिता मंडलोई, डॉ. सपना डे, डॉ. उषा वर्मा एवं आकांक्षा जैन ने सहयोग प्रदान किया। संचालन भव्या शर्मा ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ. उषा वर्मा द्वारा किया गया।

केंद्रीय गणेश उत्सव समिति इस वर्ष भी झांकियां एवं स्टाल लगाने वालों का करेगी सम्मान

मंदसौर। केंद्रीय गणोशोत्सव समिति के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि अनन्त चतुर्दशी पर्व पर मंदसौर शहर की अपनी एक धार्मिक परंपरा का निर्वहन लगातार समिति के माध्यम से 62 वर्ष से किया जा रहा है। नगर के समाजसेवी स्व. पण्डित रामनारायण शर्मा ने छः दशक पूर्व जो पौधा रोपा था वह आज एक वटवक्ष का रूप ले चुका है। इंदौर में विकास प्राधिकरण ओर अन्य जनप्रतिनिधियों के माध्यम से झांकी निकालने वाली सभी संस्थाओं को नगद राशि सहयोग के रूप में प्रदान कर प्रोत्साहित किया जाता है। मंदसौर के जनप्रतिनिधियों से भी इस सम्बंध में समिति द्वारा पत्राचार किया गया ' विधायक श्री विपिन जैन ने विधायक स्वेच्छानुदान निधि से प्रत्येक झांकी निकालने वाली संस्थाओं को 5000 की राशि दी जाने की स्वीकृति प्रदान की '. नगर पालिका द्वारा भी शील्ड देकर सम्मान किया जाता है वह भी कार्तिक पूर्णिमा के मेले में इसलिए पिछले वर्ष समिति ने निर्णय लिया कि मंदसौर शहर में अनंत चतुर्दशी पर्व पर झांकी निकालने वाली समिति एवं नगर के अनेक स्थानों पर स्वल्पाहार एवं अन्य खाद्य पदार्थ, पेयजल के स्टॉल लगाने वाले वाली संस्थाओ को शीघ्र ही एक समारोह आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा।

4 अक्टूबर को भोपाल में होंगे सम्मानित

पूर्व लोक अभियोजक कांतिलाल राठौर को मिलेगा मध्यप्रदेश गौरव अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

नगर के वरिष्ठ एडवोकेट और पूर्व लोक अभियोजक साहू कांतिलाल राठौर को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और उत्कृष्ट समाज सेवा के लिए मध्यप्रदेश गौरव सम्मान प्रदान किया जाएगा।

अभूतपूर्व योगदान के लिए यह विशेष गौरव

प्रेस क्लब वेलफेयर वर्ल्ड वाइड फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित भारत अवार्ड समारोह-2026 का आयोजन 4 अक्टूबर 2026 को भोपाल स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पॉलिटेक्निक हॉल में किया जा रहा है। इस राज्य स्तरीय समारोह की



थीम सम्मान-प्रेरणा-परिवर्तन रखी गई है, जिसका उद्देश्य प्रदेश की अद्वितीय प्रतिभाओं, निष्ठावान समाज सेवियों और विधिक जगत के दिग्गजों को एक मंच पर सम्मानित करना है। इसी गरिमामय कार्यक्रम में साहू कांतिलाल राठौर को उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए यह विशेष गौरव दिया जाएगा। कानून और न्याय क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले साहू कांतिलाल राठौर न केवल एक कुशल और अनुभवी वकील हैं, बल्कि अपने निर्भीक, निष्पक्ष और सेवाभावी स्वभाव के लिए भी पूरे संभाग में जाने जाते हैं।

उन्होंने अपने करियर के दौरान न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और आम जनता को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके इसी अदम्य साहस और मानवीय संवेदना का अनुपम प्रमाण तब देखने को मिला था जब उन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए 12 लोगों की जीवन रक्षा की थी। इस अदम्य वीरता और साहसिक कार्य के लिए उन्हें पूर्व में मध्यप्रदेश शासन द्वारा राज्य स्तरीय वीरता पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है।

नपाध्यक्ष गुर्जर ने गणेश जी की आरती की

मंदसौर। नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने मंदसौर नगर के तीन गणेश पंडालों में पहुंचकर भगवान श्री गणेश जी की आरती की सर्वप्रथम गुर्जर ने समाज सेवी का अनीता दीदी के साथ गणेश पंडाल में पहुंचकर भगवान श्री गणेश जी की आरती की। गुर्जर ने शुक्ला चौक पहुंचकर बाबा ग्रुप के द्वारा स्थापित गणेश जी की मूर्ति की आरती की यहां शुक्ला चौक व्यापारी संघ के सदस्यों ने श्री गणेश जी की आरती की।



स्वयं के साथ दूसरों के आत्मकल्याण की भी चिंता करो: विरलविजयजी म.सा.

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

शांत सुधारस शास्त्र में उपाध्याय श्री विनय विजयजी म.सा. 12 प्रकार की भावनाओं की विक्षत व्याख्या करते हुए कहते हैं कि हमें स्वयं के साथ ही दूसरों के आत्म कल्याण की भी चिन्ता करनी चाहिए। आश्रव व संवर भावना का वर्णन करते हुए शास्त्रकार ने दूसरों के आत्मकल्याण की भी चिन्ता करने की बात कही है अर्थात कोई व्यक्ति धर्म से विमुख हो, देव गुरु के दर्शन नहीं करता है तो उसे धर्म से जोड़ो। ऐसा करना भी पुण्य का कार्य है।

उक्त उद्गार व.पू. जैन संत मुनिराज श्री विरलविजयजी म.सा. ने कहा कि शांत सुधारस में चित सारथी मंत्री का वृतान्त बताया है आपने कहा कि गणधर केसी के समय परदेसी राजा का शासन था वह मांसाहारी, मदिरा पान करने वाला तथा धर्म के कार्य से दूर रहने वाला शासक था। लेकिन उसका मंत्री चित्र सारथी धार्मिक व्यक्ति था तथा जैन धर्म का अनुयायी तथा सदविचारों के साथ जीवन निर्वहन करने वाला श्रावक था। उसने अपने राजा के जीवन में बदलाव लाये तथा वह धर्मनिष्ठ बने इसके लिये उन्होंने के सी गणधर जो कि उस समय जैन संत (मुनिराज) थे उन्हें अपनी नगरी में आमंत्रित किया ताकि राजा को धर्म का प्रतिबोध मिले। प्रतिदिन शराब, मांसाहार करने के कारण राजा का जीवन धर्म में संलग्न हुये बिना ही समाप्त नहीं हो जाये ऐसा विचार कर मंत्री चित्र सारथी ने राजा परदेसी को मुनिराज के सी गणधर से मिलवाया तथा उन्हें धर्म का प्रतिबोध दिलाने में सहायक का कार्य किया। मंत्री चित्र सारथी के कारण परदेसी राजा के जीवन में परिवर्तन हुआ और आत्मकल्याण के मार्ग की ओर प्रवृत्त हुआ।

नगर परिषद सीमेन्ट क्रांकीट पेचवर्क कार्य करा रही

मंदसौर। नपा लोकनिर्माण समिति सभापति निर्मला नरेश चंदवानी ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के निर्देशानुसार व उनके मार्गदर्शन में मंदसौर नगर के मुख्य मार्गों व चौराहों पर जहां सड़कों में अत्यधिक गड्ढे है तथा जहां आवागमन प्रभावित हो रहा है उन स्थानों पर सीमेन्ट क्रांकीट पेचवर्क का कार्य किया जा रहा है। नगर परिषद ने नयापुरा रोड शुक्ला चौक से लेकर महाराणा प्रताप बस स्टेण्ड तक सीमेन्ट क्रांकीट के पेचवर्क के कार्य को पूर्ण कर लिया है तथा अन्य स्थानों पर भी पेचवर्क का कार्य किया जा रहा है। यह उल्लेखनीय है कि वर्षा ऋतु में शासन के नियमो के अनुसार डामरीकरण एवं डामरीकरण का पेचवर्क कार्य प्रतिबंधित रहता है। इसी कारण नगर पालिका नागरिको की



सुविधा के लिये वर्षा ऋतु में जहां भी आवश्यकता है वहां सीमेन्ट क्रांकीट के पेचवर्क का कार्य करा रही है। आगामी त्योहारों को देखते हुए नगर पालिका के द्वारा नागरिकों के हित हेतु यह कार्य किया जा रहा है। अक्टूबर माह में जब वर्षा ऋतु पूरी तरह समाप्त हो जायेगी तब नगर परिषद जहां भी जरूरत होगी वहां डामरीकरण का पेचवर्क कार्य करायेगी।

खबर संक्षेप

नमामि भारतम वंदे मातरम के 150वें वर्ष पर गाएंगे राष्ट्रगीत



जावर। नामामि भारतम वंदे मातरम के 150 वी वर्ष पूर्ण पुरे देश भर मे अखिल भारतीय विद्या भारती शिक्षा संस्थान नई दिल्ली द्वारा पुरे देश भर मे वंदेमातरम गीत का एक स्वर मे एक लय-ताल मे सामूहिक गान होगा यहा गिनीज आफ बुक मे सम्मिलित होना है इसी कड़ी मे हमारे जावर नगर के मंडी प्रांगण मे भी सभी विद्यालय की भी सह भागीता रहेगी ओर आस पास के शिशु मंदिर विद्यालय मे भी वंदेमातरम का गान हो मेहतवाडा नगर के न्यू एवरगीरन स्कुल ओर मगरदा के आदर्श पब्लिक स्कूल मे भी सामुहिक गान होगा जावर नगर मे भी एक साथ एक समय मे प्रातः 10 बजे आगमन है ओर ठीक 11 बजे वंदेमातरम गीत का गायन होगा इसी को देखते हुऐ एक दिन पुर्व पैदल चलकर कार्यकर्ताओ ने कार्यक्रम मे आने का अहवन किया जावर मे कार्यकर्ताओ नगर वासी क्षेत्रवासी से निवेदन है कि वंदेमातरम गीत मे हम जहाँ पर भी रहे सम्मिलित जरूर हो।

अनंत चतुर्दशी जुलूस मार्ग, विसर्जन कुंड का पुलिस अधिकारियों ने किया निरीक्षण

सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनाती सुनिश्चित करने एसपी ने दिए निर्देश

जुलूस मार्ग के प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



गुरूवार को पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे तथा एसडीओपी आष्टा दामोदर गुप्ता द्वारा आष्टा कस्बा क्षेत्र में आगामी अनंत चतुर्दशी जुलूस के दृष्टिगत जुलूस मार्ग का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान जुलूस मार्ग के साथ-साथ विसर्जन कुंड का भी निरीक्षण किया गया तथा जुलूस एवं विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान प्रमुख निर्देश दिए कि अनंत चतुर्दशी जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जुलूस मार्ग एवं विसर्जन कुंड पर भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक प्रबंध करने हेतु निर्देशित किया गया। जुलूस मार्ग के प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। विसर्जन कुंड पर श्रद्धालुओं एवं प्रतिमा विसर्जन के दौरान सुरक्षा के समुचित इंतजाम करने तथा आवश्यकतानुसार पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए गए। आयोजकों एवं संबंधित समितियों से समन्वय बनाकर प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधिकारियों द्वारा मौके पर जुलूस मार्ग एवं विसर्जन कुंड का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

पार्षद के घर के सामने लंबे समय से बने कचरे के ढेर को हटाकर दिया संदेश

चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर पालिका परिषद आष्टा के अध्यक्ष हेम कुंवर रायसिंह मेवाड़ा व मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद कुमार प्रजापति के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका की सहयोगी संस्था यूनिक वेस्ट मैनेजमेंट कंसलटेंट प्राइवेट लिमिटेड, उज्जैन के सहयोग से वार्ड 6, मालीपुर रोड स्थित पूर्व पार्षद अब्दुल रऊफ खान के घर के सामने लंबे समय से बने कचरे के ढेर को नपा की स्वच्छता टीम द्वारा पूर्ण रूप से हटाकर स्थल को स्वच्छ किया गया।सफाई कार्य के उपरांत आसपास के क्षेत्र में हस्ताक्षर अभियान एवं डोर-टू-डोर जनसंपर्क चलाकर नागरिकों से अपील की गई कि वे उक्त स्थान पर कचरा न फेंकें तथा घर से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित कर नगर पालिका की कचरा गाड़ी में ही दें। स्वच्छ किए गए स्थान पर नगर पालिका की जनजागरूकता टीम द्वारा स्वच्छता संबंधी स्लोगन लिखे गए तथा सार्वजनिक स्थान पर कचरा फेंकने पर 500 जुर्माने का संदेश भी अंकित किया गया। इस दौरान आसपास के नागरिकों को एकत्रित कर सामूहिक रूप से स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर पूर्व पार्षद रऊफ खान, यूनिक वेस्ट मैनेजमेंट के टीम लीडर राजकुमार अकेला, रोहित तिवारी, अनीश सोलंकी एवं सफाई दरोगा श्री पप्पू खरे सहित स्वच्छता टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



नगर में 23 को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय में विभिन्न रचनात्मक एवं प्रेरणादायी गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राकेश कुमार सोलंकी ने की। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं पुष्पार्पण के साथ किया गया। इसके पश्चात भाषण प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर सीखने, अपने लक्ष्य निर्धारित करने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने भारत की वैज्ञानिक एवं सामरिक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को देश की प्रगति से परिचित कराया। उन्होंने चंद्रयान-3 की उपलब्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में सफलतापूर्वक उतरने वाला पहला देश बना। उन्होंने इसे भारतीय वैज्ञानिकों की प्रतिभा, परिश्रम और देश की वैज्ञानिक क्षमता का महत्वपूर्ण उदाहरण बताया। विधायक ने अपने संबोधन में एयर स्ट्राइक, सर्जिकल स्ट्राइक एवं ऑपरेशन सिंदूर का भी उल्लेख किया। उन्होंने इन अभियानों के संदर्भ में भारतीय सेना के साहस, पराक्रम और देश की सुरक्षा के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि देश की वैज्ञानिक, सामाजिक और सामरिक उपलब्धियों से प्रेरणा लेते हुए वे भी अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और राष्ट्र के विकास में योगदान दें। उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा, कौशल विकास, स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण तथा युवाओं के विकास के लिए उपलब्ध अवसरों की जानकारी प्राप्त करने और उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ भाजपा नेता बाबूलाल पटेल एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष जावर विजेंद्र सिंह ठाकुर ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक रहने तथा अपने व्यक्तित्व और प्रतिभा के विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया। इसी क्रम में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रेरित किया। विधायक इंजीनियर ने महाविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई चित्र प्रदर्शनी एवं रंगोली का भी अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों की रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा की सराहना की। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता बाबूलाल पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर,मनोज वैद्य,संजय अजमेरा, भाजपा मंडल जावर महामंत्री राजा ठाकुर, महेंद्र सिंह ठाकुर,पवन मालवीय,हेमंत गोयल एवं शोभाल सिंह ठाकुर सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महाविद्यालय की ओर से लखन सिंह अटेरिया,नीतू परवाल, डॉ. सुमन भदौरिया,भीमसेन मालवीय एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. शर्मिला गांगले सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं रेड क्रॉस इकाई ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

33/11 केवी उपकेंद्र ढाबला का लोकार्पण

सीहोर। ग्राम ढाबला में 2.32 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नवीन 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने किया। बिलकिसगंज वितरण केन्द्र के अंतर्गत निर्मित इस उपकेंद्र को 24 सितम्बर को ऊर्जीकृत किया गया है।

ज्ञापन देकर तालाबों और बैराजों में नर्मदा का जल भरने और भावांतर योजना लागू करने ब्लॉक कांग्रेस ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



जावर क्षेत्र में इस वर्ष अत्यंत अल्प वर्षा होने से किसानों में भारी चिंता व्याप्त है। क्षेत्र के समस्त तालाब, बैराज, स्टॉप डैम एवं अन्य जल संरचनाएं पूरी तरह खाली पड़ी हैं। इसको लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावर द्वारा अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर के नेतृत्व में तहसीलदार जावर के माध्यम से कलेक्टर सीहोर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में माँ नर्मदा-कालीसिंध-पार्वती लिंक परियोजना के माध्यम से क्षेत्र के सभी तालाबों एवं बैराजों को तत्काल नर्मदा जल से भरा जाए ताकि सिंचाई एवं पेयजल संकट दूर हो सके। सोयाबीन की फसल पक चुकी है और कटाई पिछले 10 दिनों से शुरू हो गई है लेकिन सरकार द्वारा अभी तक भावांतर योजना लागू नहीं की गई जिससे किसान औने-पौने दामों पर सोयाबीन बेचने को मजबूर है। अतः भावांतर योजना तत्काल लागू की जाए। 2025 की खरीफ फसल बीमा राशि से वंचित किसानों को शीघ्र बीमा राशि दिलाई जाए। जावर तहसील को तत्काल सूखाग्रस्त घोषित किया जाए। जैसी मांगे रखी गई। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि 1-2 दिवस में इन मांगों पर कार्यवाही नहीं हुई तो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी किसानों के साथ बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगी। इस अवसर पर हरिनारायण सिंह पटेल,ओमप्रकाश लाल्ला पहलवान, राजाराम पाटीदार, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कमल सिंह चौहान, वरिष्ठ नेता एच आर परमाल, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष जगदीश चौहान, रूप सिंह ठाकुर, अनुसूचित जाति कांग्रेस जिला अध्यक्ष घनश्याम जांगड़ा, धीरज सिंह पहलवान, जीवन राज द्रविड़ ,मंडलम अध्यक्ष यशवंत सिंह पाटीदार ,सूरज सिंह ठाकुर, मोर सिंह ठाकुर, मयंक चौरसिया,पप्पू मंसूरी,करण भरेवा,हरपाल ठाकुर, शक्ति सिंह पटेल,ऋषभ श्रीवास्तव, महेश वर्मा, महेश पटेल पप्पू ठाकुर, शिव पाटीदार, रामचरण दवारिया, चेतन सिंह, योगेंद्र ठाकुर, हिम्मत सिंह ठाकुर, संजय पाटीदार, आशिक मंसूरी, शिवनारायण मालवीय हम्माल, देव मालवीय, महेश परमार, पर्वत बामनिया, तौसीफ शेख, मोहन सिंह, हेमराज मालवीय, डॉ रतनलाल मालवीय , कुमेर सिंह, तौसीफ शेख सहित समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावर एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

निःशुल्क नेत्र शिविर में मरीजों की जांची आंखें मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए भोपाल भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



परमहंस संत हिरदाराम साहिब जी के आशीर्वाद, श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी के मार्गदर्शन तथा विधायक सुदेश राय एवं वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय की प्रेरणा से निर्धन नेत्र रोगियों के लिए सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा निःशुल्क नेत्र रोग निदान एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। समाजसेवी मज्जू खान के नेतृत्व में गुरुवार, 24 सितंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक स्थानीय मेवातीपुरा, कस्बा वार्ड क्रमांक 30, सीहोर में आयोजित शिविर में विभिन्न वर्गों के लोगों की आधुनिक मशीनों से आंखों की जांच की गई। शिविर में जांच के दौरान मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए मरीजों को आगे के उपचार एवं ऑपरेशन के लिए सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, एयरपोर्ट रोड, गांधी नगर, भोपाल भेजा गया। वहां मरीजों की पुनः विस्तृत जांच के बाद आवश्यकतानुसार मोतियाबिंद का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण किया जाएगा। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय की ओर से मरीजों के लिए ऑपरेशन, लेंस प्रत्यारोपण, काला चश्मा, आवश्यक दवाइयां, आवास, भोजन एवं फल आदि की निःशुल्क व्यवस्था की जाएगी। मरीजों की आत्मीयता के साथ सेवा करने की भी व्यवस्था रहेगी। शिविर के आयोजन का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद नेत्र रोगियों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराना और उन्हें दृष्टि संबंधी समस्याओं से राहत दिलाना रहा।

श्रीकृष्ण और माता रूक्मणी विवाह उत्सव आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



गौ सेवा को सभी धर्मग्रंथों में श्रेष्ठ पुण्य कार्य बताया गया है। गौ माता के शरीर में मां लक्ष्मी और मां गंगा का निवास माना गया है तथा देवी-देवताओं का वास भी गौ माता में बताया गया है। गौ माता की सेवा करना भगवान की पूजा के समान है। भागवत कथा में गोवर्धन पूजन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया है।

यह बात अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवाल महिला मंडल के तत्वावधान में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कही। गुरुवार को कथा के दौरान नंद महोत्सव एवं गोवर्धन पूजन का आयोजन आस्था और उत्साह के साथ किया गया। भगवान को छप्पन भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। कथा पंडाल में भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भक्तिभाव में डूबे रहे। शुक्रवार को कथा के छठवें दिन भगवान श्रीकृष्ण और माता रूक्मणी के विवाह उत्सव की आकर्षक झांकी सजाई जाएगी। साथ ही तुलसी विवाह के धार्मिक महत्व का वर्णन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भगवान की कृपा और करुणा के बिना भक्ति की प्राप्ति संभव नहीं है। भगवान शिव और श्रीकृष्ण प्रत्येक जीव के रोम-रोम में विद्यमान हैं।

परमात्मा हमारी धड़कन में और शिव हमारी दृष्टि में हैं। जब तक शरीर में सांस चलती है, तब तक जीवन है और जब सांस रूपी शिव शरीर से चले जाते हैं तो शरीर शव बन जाता है। शिव ही प्रथम हैं और शिव ही अंतिम हैं। पंडित मिश्रा ने कहा कि शिव सनातन धर्म के मूल आधार हैं। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति भी शिव की शरण से होती है। समस्त जगत शिव की शरण में है और धर्मग्रंथों में भी शिव के प्रति समर्पण को जीवन का महत्वपूर्ण आधार बताया गया है। कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया गया।

सात दिवसीय संकल्प पीढ़ी संवाद का किया शुभारंभ

अनुभव की धरोहर भविष्य की राहें रोशन करती है: नमिता राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बुजुर्गों के अनुभवों की धरोहर आने वाली पीढ़ी के भविष्य की राहों को रोशन करती है। नई पीढ़ी को जीवन के अनुभव और संस्कार देने में वरिष्ठजनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आने वाली पीढ़ी खुशहाल रहे, इसके लिए बुजुर्गों का मार्गदर्शन युवाओं और बच्चों को निरंतर मिलता रहना चाहिए।

यह बात समाजसेवी नमिता अखिलेश राय ने गुरुवार को शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में सात दिवसीय 'संकल्प पीढ़ी संवाद-अनुभव से भविष्य की ओर कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में हर परिस्थिति में सकारात्मक दृष्टिकोण रखना चाहिए। बुजुर्गों के अनुभव और नई पीढ़ी की ऊर्जा के बीच संवाद से परिवार और समाज को नई दिशा मिल सकती है। पीढ़ियों के बीच संवाद केवल अनुभवों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि संस्कार, संवेदनाएं और जीवन मूल्यों को आगे बढ़ाने का माध्यम भी है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी श्रीमती नमिता अखिलेश राय, शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर के संत माधव दास महाराज, श्रद्धा भक्ति सेवा समिति की ओर से राजेंद्र शर्मा बब्बल गुरु, उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 के डीके राय तथा सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट ने किया। इस दौरान संकल्प वृद्धाश्रम केंद्र के संचालक राहुल सिंह एवं संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य अतिथियों की मौजूदगी रही।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राओं ने मंचासीन अतिथियों से विभिन्न विषयों को लेकर सवाल किए। अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का सहजता से समाधान करते हुए उन्हें जीवन में अनुभव, संस्कार, अनुशासन और सकारात्मक सोच के महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर आनंद व्यास, बाबू सिंह, आकाश राय, कमलेश राय तथा सामाजिक न्याय विभाग की ओर से सावन सहित अन्य ने अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। संकल्प वृद्धाश्रम के संचालक राहुल सिंह ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग जिला सीहोर और संकल्प वृद्धाश्रम सीहोर के तत्वावधान में भारत सरकार के आह्वान पर सात दिवसीय 'संकल्प पीढ़ी संवाद—अनुभव से भविष्य की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों एवं युवाओं के बीच संवाद, अपनापन, अनुभवों का आदान-प्रदान तथा पारिवारिक एवं सामाजिक जुड़ाव को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत 25 से 30 सितंबर तक प्रतिदिन अलग-अलग विषयों पर गतिविधियां एवं संवाद आयोजित किए जाएंगे।

हमला करने वालों पर कार्रवाई करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शाहगंज तहसील बुधनी क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले ग्राम अकोला के सरपंच रामकुमार गौर व उसके परिवार का आतंक दिन पर दिन बड़ता जा रहा है। कांग्रेस सेवादल शाहगंज ब्लाक के अध्यक्ष अखिलेश कुमार गौर व उनकी माँ श्रीमती रामबाई गौर पर आंगन में बाउण्ड्रीवाल निर्माण को लेकर सरपंच व उसकी पत्नि मीना गौर पुत्रगण प्रसन्न गौर, सत्यम गौर, शुभम गौर द्वारा प्राणघातक हमला कर गंभीर चौटें पहुंचाई अखिलेश गौर व उसकी माँ ईलाज हेतु जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम में गंभीर चौटों का ईलाज करा रही हैं। सरपंच व उसकी पत्नि द्वारा झुठा अखिलेश कुमार गौर पर छोड़-छाड़ का प्रकरण पंजीबद्ध करा दिया गया है। जबकि अखिलेश गौर, सुरेश कुमार गौर पूर्व लकवा ग्रस्त बीमारी से पीड़ित है तथा मेडिकल अनफिट है। सरपंच व उसके परिवार द्वारा पूर्व में भी कई बार पीड़ित परिवार पर झुठे प्रकरण शाहगंज थाने में दर्ज कराये गये, जिसकी शिकायत पीड़ित घायल श्री गौर द्वारा समय-समय पर थाना शाहगंज में दर्ज कराई गई किन्तु उन्हें कोई न्याय नही मिला। मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष अविनाश भार्गव तथा जिला कंग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती के निर्देश पर कांग्रेस सेवादल जिला सीहोर के अध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले ने सीहोर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.प्रशांत चौबे से पीड़ित परिवार के साथ मुलाकात की तथा अकोला के सरपंच व उसके परिवार को तत्काल गिरफ्तार करने तथा पीड़ित अखिलेश कुमार गौर पर छेड़-छाड़ के लगाये गये झुठे प्रकरण में खात्मा लगाकर प्ररकण को समाप्त करने के साथ पीड़ित परिवार की जानमाल की सुरक्षा की मांग की गई है। नेतागण अविनाश भार्गव, राजीव गुजराती, नरेन्द्र खंगराले ने जिले के पुलिस प्रशासन से मांग करते हुए बताया कि अगर पीड़ित परिवार को शीघ्र ही न्याय नही मिलता है तो कांग्रेस सेवादल शाहगंज थाने के समक्ष भूख हड़ताल धरना प्रदर्शन कर न्याय की मांग करेगें। मांग करने वालों में प्रमुख रूप से कांग्रेस नेता नरेन्द्र खंगराले, अखिलेश कुमार गौर, पूर्व सरपंच नन्द किशोकर मालवीय, राजाराम मालवीय, प्रेमनारयण मालवीय आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।